# म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

https://mpcci.in

# eअर्थवार्ता

## मासिक पत्रिका





- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- डाक पंजीकृत सं. ग्वालियर / 40020263/2023–25
- वर्ष : 27, अंक : 02
- माह : अगस्त 2024

AUGUST
2024

# 19 करोड़ की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर की सड़कों का होगा निर्माण, आवश्यकता पड़ने पर और धनराशि की व्यवस्था की जाएगी : भारत सिंह कुशवाह, सांसद

## ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के सांसद, माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह के सम्मान में ''स्वागत समारोह'' आयोजित




ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद–माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह के सम्मान में दिनांक 14 अगस्त को 'चेम्बर भवन' में स्वागत् कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रारम्भ में सर्वप्रथम, माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह जी का संस्था के पदाधिकारियों द्वारा शॉल, श्रीफल, फूलमाला सहित फल की टोकरी सौंपकर, आत्मीय स्वागत् व अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर सांसद–माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह ने अपने उद्बोधन में कहाकि आज आपने मेरा स्वागत् करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया है, परन्तु वास्तविक रूप में स्वागत् के हकदार तो आप सभी हैं। इसलिए मैं, अपनी ओर से आप सबका इस अवसर पर हार्दिक स्वागत् करता हूँ और अभिनन्दन सहित आभार भी व्यक्त करना चाहूँगा। क्योंकि आपने मेरे जैसे एक सामान्य से कार्यकर्ता पर विश्वास करते हुए, माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में ग्वालियर से भारतीय जनता पार्टी को विजयश्री दिलाने में आप सबकी महत्वपूर्ण भूमिका की मैं प्रशंसा करता हूँ। आपने कहाकि मेरा इस संस्था में जनप्रतिनिधि के रूप में प्रथम बार आना हुआ है। म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री जैसी संस्थाओं का सहयोग देश के विकास में हमें सतत मिल रहा है। आपने कहाकि लोकतंत्र की खूबसूरती के लिए यह आवश्यक है कि हमें ईमानदारी के साथ सहयोगी संस्थाओं एवं आम जनता के बीच जाकर हिसाब भी देना चाहिए और इसी कड़ी में मैं, आज अपने 50 दिन में किए गए कार्यों को आपके समक्ष यहाँ पर प्रस्तुत कर, आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करना चाहता हूँ क्योंकि हमें कहकर ही नहीं बल्कि करके भी दिखाना चाहिए। आपने कहाकि जीवन में चुनौतियों को सदैव अवसर मानना चाहिए। आपने इस अवसर पर 'ट्रांसपोर्ट नगर' की सड़कों व नालियों के निर्माण हेतु 19 करोड़ रुपये की राशि केन्द्र सरकार से स्वीकृति की जानकारी देते हुए कहाकि आगामी सितम्बर माह के दौरान इसका भूमि पूजन प्रस्तावित है। इसमें बनने वाली सभी सड़के सीसी की होकर, इनकी क्षमता 100 टन भार वहन करने की होगी। आपने कहाकि यह प्रथम किश्त है और आवश्यकतानुसार आगे भी केन्द्र से धनराशि स्वीकृत कराई जाएगी। आपने कहाकि मेरे द्वारा नई दिल्ली में केन्द्रीय रक्षा मंत्री–माननीय श्री राजनाथ सिंह जी से मिलकर, ग्वालियर में डिफें स एयरक्राफ्ट मेन्टीनेंस कारखाना की स्थापना करने की माँग की गई, जिस पर माननीय रक्षा मंत्री महोदय द्वारा इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया गया है। इस अवसर पर आपने कहाकि ग्वालियर–आगरा के मध्य हाल ही में स्वीकृत हुए 'ग्रीन फील्ड' 6–लेन सड़क, हमारी प्रगति का मार्ग होगा। आपने कहाकि नगरीय क्षेत्र में संचालित लघु उद्योग पर लगने वाले दोहरे कर, यानि की सम्पत्ति कर को पूरी तरह से समाप्त किए जाने के संबंध में मेरी माननीय मुख्यमंत्री जी से चर्चा हो चुकी है और मुझे पूरा विश्वास है कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा इसकी घोषणा ग्वालियर की धरती से शीघ्र ही की जाएगी। आपने कहाकि ग्वालियर में व्यापार की दृष्टि से अपार संभावनाएँ हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मैने माननीय मुख्यमंत्री जी से 'साडा' क्षेत्र में बड़े कार्यालयों की स्थापना सहित केन्द्रीय जेल, बड़ी सब्जी मण्डी, एसएएफ की

बटालियन्स आदि को इस क्षेत्र में शिफ्ट किए जाने की माँग की गई है। साथ ही, 'साडा' क्षेत्र सहित डबरा में शुगर फैक्ट्री की रिक्त भूमि को नवीन उद्योगों की स्थापना हेतु उपलब्ध कराए जाने की माँग भी की गई है। इसके साथ ही आपने बताया कि शीघ्र ही ग्वालियर वासियों को 'वेस्टर्न बायपास' की सौगात मिलने वाली है। इसके निर्माण संबंधी सभी स्वीकृतियाँ मिल चुकी है। आपने कहाकि ग्वालियर व्यापार मेला ग्वालियर की शान है और इस पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मेरे द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री जी से इसके मेन्टीनेंस के लिए 100 करोड़ रुपये की धनराशि की माँग की गई है, जिसमें जर्जर सड़कों का निर्माण, वाउण्ड्रीवॉल सहित दुकानों का पुनरुद्धार शामिल है। आशा है माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा इसकी स्वीकृति शीघ्र ही दी जाएगी।

आपने शहर की ट्रेफिक व्यवस्था में सुधार हेतु 04 एलीवेटेड रोड बनाए जाने की बात करते हुए कहाकि इसकी स्वीकृति हमें शीघ्र ही प्राप्त होने वाली है। आपने बताया कि एजी ऑफिस के बगल वाली पुलिया के चौड़ीकरण का कार्य 07 दिन के अंदर प्रारम्भ हो जाएगा। आपने बताया कि ग्राम-खुरैरी के पास हाईटेक नर्सरी जो कि 70 बीघा में होगी। इस हेतु भूमि राज्य सरकार द्वारा मेरी माँग पर आवंटित कर दी गई है। इसमें देश-विदेश के लगभग सभी किस्म के फूलों की खेती होगी। यह स्थल पर्यटन की दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण होगा। इसके साथ ही आपने बताया कि मेरे द्वारा ग्वालियर में हॉर्टिकल्चर इंस्टीट्यूट की स्थापना किए जाने के प्रयास काफी समय से किए जा रहे थे, जिसमें अब जाकर मुझे सफलता प्राप्त हुई है और इसका प्रस्ताव राज्य सरकार द्वारा अपनी ओर से स्वीकृत करके केन्द्र सरकार को भेजा गया है। देश में इस प्रकार का वर्तमान में केवल एक ही इंस्टीट्यूट संचालित है, जो कि तमिलनाडु में है। आपने इस अवसर पर कहाकि नई दिल्ली में हाल ही में सम्पन्न हुई सीआईआई की बैठक में गोदरेज कं. द्वारा ग्वालियर अंचल में बहुत बड़ा इन्वेस्टमेंट करने की योजना से अवगत कराया गया है।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने माननीय सांसद जी के सम्मान में स्वागत् उद्‌बोधन देते हुए कहाकि ग्वालियर के व्यापार एवं उद्योगजगत को आपसे काफी आशाएँ हैं। ग्वालियर में तीव्र गति से व्यापारिक-औद्योगिक विकास होना चाहिए। इसमें चेम्बर ऑफ कॉमर्स आपका सहयोग करने के लिए तैयार है। आपने इस अवसर पर ट्रांसपोर्ट नगर की जर्जर सड़कों व नालियों की गंभीर समस्या सहित ग्वालियर के लिए बड़े उद्योग की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, ग्वालियर में एयरक्रॉफ्ट हब बनाने की पहल करने पर माननीय सांसद जी के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया तथा ग्वालियर स्टेशन पर बनने वाली पिट की लंबाई को संशोधित कर, बढ़ाए जाने की माँग की, ताकि जब भी ग्वालियर से कोई बड़ी ट्रेन संचालित हो, तब उसकी आवश्यकता की पूर्ति हो सके।

अंत में आपने कहाकि ग्वालियर के अंदर औद्योगिक एवं व्यापारिक विकास में आपका अमूल्य सहयोग मिलेगा, इस बात का हमें विश्वास करते हैं।

कार्यक्रम का संचालन, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर आपने नवनिर्वाचित सांसद-माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह के सम्मुख ट्रांसपोर्ट नगर की जर्जर सड़कों एवं नालियों का तत्काल निर्माण कराए जाने की माँग को प्रमुखता के साथ प्रस्तुत किया गया। आपने कहाकि मुझे आज पूरा विश्वास है कि माननीय सांसद जी कोई न कोई बड़ी घोषणा अवश्य ही करेंगे और आपके नेतृत्व में पाँच वर्ष के अंदर ग्वालियर का बहुत बड़ा विकास होने वाला है।

कार्यक्रम के अंत में संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता द्वारा माननीय सांसद जी को स्मृति-चिन्ह भेंट किया गया तथा उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल सहित पूर्व अध्यक्षगण, सर्वश्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, श्री अरविन्द अग्रवाल, श्री विजय गोयल, उपाध्यक्ष-सर्वश्री जी. एल. भोजवानी, सुरेश बंसल, पारस जैन, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव-सर्वश्री जगदीश मित्तल, पूर्व कोषाध्यक्ष-श्री वसंत अग्रवाल तथा कार्यकारिणी सदस्यगण व सदस्यगण उपस्थित थे।

http://www.mpcci.in
eअर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# आप उद्योग लगाईये बिजली हम देंगे
# श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री
## औद्योगिक निर्वाध विद्युत प्रदाय सेमीनार आयोजित




प्रदेश के ऊर्जा मंत्री, माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के मुख्यातिथ्य में दिनांक 4 अगस्त को आयोजित औद्योगिक निर्वाध विद्युत प्रदाय सेमीनार में बोलते हुए कहा कि आप ग्वालियर अंचल में इण्डस्ट्री स्थापित करें, आपको निर्वाध विद्युत आपूर्ति देना हमारा काम है। आपने ग्वालियर अंचल के उद्यमियों के समक्ष आगे कहा कि विद्युत संबंधी जो समस्याएँ आज आई हैं, उसके लिए प्रबंध संचालक टीम बनाकर कार्य करें। यदि किसी समस्या के समाधान के लिए सरकार स्तर पर बात करना होगी, तो वह की जाएगी। आपने कहाकि मेसर्स सात्विक एग्रो प्रोसेसर प्रा. लि. द्वारा जो समस्या रखी गई है, उस पर संस्थान के परिसर में आकर बैठक करूंगा और 132 केवीए के लिए जो प्लान है, उसके लिए आईआईडीसी और विद्युत वितरण कं. के अधिकारी मिलकर कार्य करें। प्रदेश के मुख्यमंत्री–डॉ. मोहन यादव एवं देश के प्रधानमंत्री–श्री नरेन्द्र मोदी जी की भावनाओं के अनुरूप हमें उद्योग के लिए कार्य करना है। आपने कहा कि ग्वालियर अंचल पूर्व में औद्योगिक विकास में अग्रणी था। हमें पुन: औद्योगिक विकास को उस स्तर पर ले जाना है। आपने उद्यमियों से कहा कि आप अपना विश्वास मजबूत रखिए। ऊर्जा के क्षेत्र में हमारी टीम आपके लिए कार्य करेगी। आपने कहा कि आज बैठक में आई समस्याओं को 03 माह में दूर करने के बाद आपके साथ पुन: तीन माह बाद बैठूंगा। आपने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आज की मीटिंग के मिनिट्स बनाएँ और उस अनुसार कार्यवाही करें। आपने कहा कि विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों की टीम औद्योगिक क्षेत्र में जाकर समस्याओं को चिन्हित कर कार्यवाही करेगी।

इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज हमारे बीच ऊर्जा मंत्री–माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर जी पधारे हैं। चेम्बर ने व्यापारिक एवं औद्योगिक हित में जो भी मुद्दे उठाए हैं, चाहे वह गारबेज शुल्क का हो या महाराज बाड़ा पर टाउन हॉल के सामने मार्ग खोले जाने का, आपने हर बार चेम्बर के लिए अपनी महती भूमिका निभाई है। आपने कहा कि उद्योगों को निर्वाध विद्युत आपूर्ति मिले, इसके लिए आज का सेमीनार रखा गया है। आपने कहा कि बिजली कंपनी के लिए औद्योगिक उपभोक्ता एसेट्स की तरह हैं क्योंकि वह बिजली कंपनी को पूरा बिल चुकाते हैं और इसके लिए कंपनी को अपनी मिनिमम एनर्जी खर्च करना पड़ती है। आपने कहा कि उद्योगों में ट्रिपिंग की समस्या से हजारों से लेकर लाखों रूपये तक का नुकसान होता है। यह दूर होना चाहिए। इसके लिए इण्डस्ट्रियल एरिया के लिए सेपरेट फीडर व लाइन दी जाना चाहिए। वहीं यदि उपभोक्ता पर बिजली कंपनी द्वारा गलत बिलिंग कर दी जाती है, तो पूर्व में बिल रिवाइज स्थानीय स्तर पर हो जाता था, अब कई प्रकरणों में यह भोपाल स्तर से होता है, जिसके लिए उपभोक्ता को दो माह का समय तक लग जाता है, इस दौरान उसे सरचार्ज का सामना भी करना पड़ता है। इस समस्या को स्थानीय स्तर पर ही दूर किया जाना चाहिए। वहीं सोलर एनर्जी की ओर उपभोक्ता शीघ्रता से कदम बढ़ा रहे हैं। इसके लिए घरेलू उपभोक्ताओं को तो सरकार से सब्सिडी मिल रही है, लेकिन कॉमर्शियल एवं इण्डस्ट्रियल उपभोक्ताओं को यह नहीं मिल रही है, यह इन्हें भी मिलना चाहिए। यदि ऐसा हो गया तो हमारा प्रदेश पूर्णत: बिजली में आत्मनिर्भर हो जाएगा और फिर कोयला की कमी से बिजली संकट का भय भी खत्म हो जाएगा।

बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि टीम 2023–26 उद्योगों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है। उद्योगों की नगर–निगम से संबंधित समस्याओं को हमने आयुक्त महोदय के साथ आयोजित बैठक में उठाया

था, जिस पर निरंतर कार्य चल रहा है। आज विद्युत संबंधी समस्याओं के लिए यह सेमीनार आयोजित किया है। आज हमारे बीच मध्यप्रदेश की पूरी बिजली सरकार मौजूद है, इसलिए अवश्य ही विद्युत संबंधी सभी समस्याएं दूर होंगी, इसकी हमें पूर्ण आशा है। आपने एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के तहत ग्वालियर अंचल की 42 औद्योगिक इकाईयों को 13 करोड़ की लंबित सब्सिडी राशि को भी शीघ्र जारी करने के लिए मंत्री महोदय से प्रयास करने का आग्रह किया।

सेमीनार में महाराजपुरा औद्योगिक क्षेत्र के सचिव–श्री कपिल जयसिंघानी द्वारा ट्रिपिंग की समस्या को दूर करने के लिए रेलवे की तर्ज पर निर्वाध आपूर्ति प्रदाय करने की तकनीक पर काम करने का सुझाव दिया, क्योंकि ट्रिपिंग से उद्यमियों को आर्थिक हानि होती है। तानसेन नगर औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष–श्री जगदीश मित्तल द्वारा बताया कि ट्रिपिंग के कारण इकाईयों को होने वाले नुकसान को बताने के साथ ही इण्डिस्ट्रयल एरिया में खुली पड़ी डीपी से होने वाली अप्रिय घटनाओं तथा विद्युत चोरी की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया। खुली डीपी को कवर करने का सुझाव संजय धवन द्वारा दिया गया।

उद्यमी, श्री सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं श्री सुशील सुराना द्वारा बताया कि हमारे यहाँ पावर कट इसलिए भी होता है कि जो स्पेयर पार्टस बिजली कंपनी द्वारा यूज किए जा रहे हैं, वह तकनीकी रूप से अप–टू–द–मार्क नहीं हैं। साथ ही जो लाइनमैन कर्मी हैं, वह जुझारू तो हैं, लेकिन तकनीकी रूप से प्रशिक्षित नहीं है।

मालनुपर इण्डिस्ट्रयल एरिया से सेमीनार में शामिल हुए श्री नवीन अग्रवाल एवं श्री गिर्राज सिंघल ने बताया कि इण्डस्ट्रियल फीडर को आवासीय से जोड़ देने के कारण ट्रिपिंग के कारण काफी नुकसान हो रहा है। बानमौर इण्डस्ट्रियल एरिया से सात्विक एग्रो प्रोसेसर प्रा. लि. के एचआर, श्री ब्रजभान सिंह ने बताया कि फे ज टू इण्डस्ट्रियल एरिया में हमारे द्वारा 5000 केवीए का कनेक्शन लेकर 85 एकड़ में प्लांट लगाया गया है, इसमें 200 करोड़ रूपये निवेश किया गया है और हम आगे एक हजार करोड़ रूपये और निवेश करना चाहते हैं। इसके लिए हमें 5000 केवीए का कनेक्शन और चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि इस क्षेत्र के लिए 132 केवीए का फीडर बनाया जाए क्योंकि यहां पर पारले जैसी इकाईयां भी स्थापित हैं। हमारे यहां 1400 लोग कार्य कर रहे हैं और हमें कंपनी के उच्च स्तर से 2000 हजार लोगों की भर्ती का भी एप्रूवल मिल गया है, लेकिन ट्रिपिंग के कारण हमें एक बार में 10–12 लाख का नुकसान हो रहा है। इससे हमारा शीर्ष नेतृत्व काफी परेशान हैं और हमारे अक्टूबर में होने वाले एक्सपेंशन को रोकने पर वह विचार कर रहे हैं। इससे हम काफी पेरशान हैं। सेमीनार में इसके साथ ही डबरा, जौरा एवं मुरैना से आए उद्यमियों द्वारा भी ट्रिपिंग से होने वाली परेशानी को बताते हुए सेपरेट फीडर की बात कही गई।

म. प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं. के ग्वालियर रीजन के मुख्य महाप्रबंधक–श्री राजीव गुप्ता ने बताया कि बरसात के कारण ट्रिपिंग की समस्या बढ़ी है, जिसे निरंतर मेंटेनेंस कराकर दूर किया जा रहा है, चूंकि रविवार के दिन ही हमें मेंटेंनेस की अनुमति मिलती है। इसलिए आगामी तीन से चार सप्ताह में औद्योगिक क्षेत्रों में मेंटेनेंस कराकर ट्रिपिंग से निजात दिलाई जाएगी। मालनपुर फीडर से मुरैना में जो कनेक्शन दिए गए थे, उनके लिए अलग से फीडर के लिए 22 लाख रूपये का प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है। एक माह में इस फीडर को अलग कर देंगे, तो मालनपुर की समस्या दूर हो जाएगी। जौरा के वीरमपुरा रोड की इकाईयों को पहले ही बताया था कि यह ग्रामीण फीडर है। इससे आपको बिजली दी जाएगी। जौरा में स्थापित इकाईयों को 5% की राशि लाइन चार्ज में लेकर इण्डस्ट्रियल फीडर से जोड़ा जाएगा। महाराजपुरा में वीसीबी आज ही बदलवाए हैं, संभवत आगे ट्रिपिंग की समस्याएं नहीं आएंगी। सात्विक एग्रो प्रोसेसर प्रा. लि. की समस्या का अस्थायी समाधान करा दिया है। आईआईडीसी के साथ मिलकर हम दो फीडर जड़ेरूआ से कवर कंडक्टर पर लेकर आ रहे हैं, जो 33 केवी के पेंथर पर होंगे। सीतापुर की पहाड़ी स्विच यार्ड बनाएंगे। इसके बाद सात्विक की समस्या दूर हो जाएगी। यह कार्य तीन से चार माह में हो जाएगा।

म. प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक–श्री क्षितिज सिंघल ने बताया कि इण्डस्ट्रियल एरिया के लिए डेडिकेटेड टीम व गाड़ी का प्रस्ताव बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में रखा जाएगा। प्रस्ताव स्वीकृत होते ही यह उपलब्ध कराई जाएगी। विजिलेंस चेकिंग के बाद बिलिंग रिवाइज के लिए एक यूनिफार्म गाइडलाइन बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उद्यमियों को लॉकल व्हाट्सएप ग्रुप पर समस्याओं को रिस्पांड करने के लिए निर्देशित किया जाएगा। कंपनी की ओर से हम आपको आश्वस्त करते है कि आपको बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। स्टाफ की जो कमी है, उसे शीघ्र दूर किया जाएगा।

बैठक के अंत में ऊर्जा मंत्री–माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर जी को स्मृति चिन्ह, संयुक्त अध्यक्ष–हेमंत गुप्ता द्वारा तथा आभार कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया। बैठक में डायरेक्टर तकनीकी–श्री डीपीएस यादव, श्री सुधीर कुमार, महाप्रबंधक शहर वृत्त–श्री नितिन मांगलिक, ओएण्डएम–श्री दिनेश सुखीजा, श्री बी. एस. दांगी सहित अन्य अधिकारीगण एवं काफी संख्या में उद्यमी उपस्थित थे।

# कृषि महाविद्यालय में स्थापित इंक्यूबेशन सेंटर में चेम्बर की ईडीसी उपसमिति के सदस्यों के साथ कृषि उद्यमिता पर बैठक आयोजित



कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर में स्थापित ''कृषि व्यवसाय ऊष्मायन और उद्यमिता केन्द्र'' (CAIE) का चेम्बर की ईडीसी उपसमिति के सदस्यों द्वारा दिनांक 2 अगस्त को भ्रमण किया गया। इस अवसर पर उक्त केन्द्र के सीईओ–श्री आदित्य सिंह जी ने अपने उद्‍बोधन में कहाकि हमारा यह सेंटर मुख्य रूप से कृषि के क्षेत्र में अंचल के युवा उद्यमियों को फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में उनकी सहायता करना है। आपने बताया कि नावार्ड ने यह सेंटर राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि महाविद्यालय में खोला है। नावार्ड हमारी फण्डिंग एजेंसी है। इस सेंटर को बनाने का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र से जुड़े हुए जो भी व्यवसाय हैं, उनकी मदद करना है। हम अपने साइंटिस्टों के माध्यम से अपने स्टार्टअप को बताते हैं कि हम कैसे अपने नेचुरल रिर्सोस को बढ़ा सकते हैं और उसमें आगे काम कर सकते हैं। आपने बताया कि कृषि में नवाचार कैसे ला सकते हैं। चाहे वह टेक्नोलॉजी हो अथवा उत्पादन के संबंध में जानकारी हो, डीपीआर कैसे बनाना है, उद्यमी बैंक तक कैसे जाए, यदि उन्हें मार्केटिंग की आवश्यकता है, तो इसमें उसकी पूरी सहायता हम करते हैं। आपने बताया कि लगभग 200 से ज्यादा युवा उद्यमी हमारे साथ काम कर रहे हैं। आपने कहा कि आज यूरोप में नेचुरल कलर की काफी माँग है और इसकी कीमत भी काफी अधिक हैं। इसलिए इस क्षेत्र में काफी स्कोप है। युवाओं को आगे आकर इस क्षेत्र में काम करना चाहिए, हम आपकी मदद करने के लिए तैयार हैं। साथ ही, आपने कहाकि ग्वालियर से दिल्ली मात्र 300 किलोमीटर की दूरी पर है और यहाँ का मार्केट काफी बड़ा है। आप कुछ भी कृषि उत्पादन करेंगे, उसकी शत प्रतिशत खपत दिल्ली में कर सकते हैं। आपने कहाकि कोरोना के बाद प्रत्येक व्यक्ति खानपान में हेल्दी ऑप्शन ढूढ़ रहा है।

इस अवसर पर मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल सहित ईडीसी उपसमिति के संयोजक–श्री आदयन्त अग्रवाल, सहसंयोजक–श्री शरद गोयल, सदस्य–सीए दीपक वाजपेयी, सर्वश्री विवेक बंसल, उमेश उप्पल, संजय धवन, अजय चोपड़ा, सौरभ गुप्ता, अमरप्रताप राठौड़, रवि हरलालका, राजीव मिश्रा एवं चैतन्य आनन्द आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर कृषि मंत्रालय के नोडल अधिकारी–डॉ. वाई. डी. मिश्रा द्वारा पॉवर पोइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से सेंटर की विभिन्न गतिविधियों सहित कृषि उत्पाद से निर्मित वस्तुओं के निर्माण में सतत संलग्न अंचल के उद्यमियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

http://www.mpcci.in
eअर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# राज्य सभा सदस्य, माननीय श्री अशोक सिंह के सम्मान में 'स्वागत समारोह' आयोजित




राज्यसभा सदस्य–माननीय श्री अशोक सिंह जी के सम्मान में दिनांक 21 अगस्त को 'चेम्बर भवन' में स्वागत् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रारम्भ में सर्वप्रथम, माननीय श्री अशोक सिंह जी का संस्था के पदाधिकारियों द्वारा शॉल, श्रीफल, फूलमाला सहित फल की टोकरी सौंपकर, आत्मीय स्वागत् व अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर सांसद, माननीय श्री अशोक सिंह जी ने अपने उद्‌बोधन कहाकि ग्वालियर के विकास के लिए मैं कार्य कर रहा हूँ, लेकिन इसमें आप सबके विचार एवं सहयोग अपेक्षित है। आपने कहा कि मैं आज आप लोगों के बीच आकर हर्षित हूँ क्योंकि मैं लंबे समय से इस संस्था का सदस्य हूँ। इसलिए आपके परिवार से ही हूँ। आपने कहाकि ग्वालियर का विकास यदि तेजी से नहीं होगा, तो यहाँ के कारोबार में वृद्धि कैसे होगी। ग्वालियर में विकास की बहुत संभावनाएं हैं। ग्वालियर के विकास की बात जब होती है, तो इंदौर से तुलना की जाती है। यदि सभी राजनैतिक दल एकमत होकर विकास का प्लान बनाएँ, तो हम भी विकास के मामले में इंदौर के समक्ष आ सकते हैं। आपने कहा कि ग्वालियर से पुणे के लिए नियमित रेल सेवा के लिए मैं प्रयासरत हूँ। साथ ही नई विमान सेवाएं ग्वालियर को मिलें, इसके लिए आवश्यक है कि हम सभी प्रचलित विमान सेवाओं का भरपूर उपयोग करें। ग्वालियर विकास एवं व्यापार के मामले में आगे बढ़े, मैं इसमें पूर्ण सहयोग के लिए तैयार हूँ।

इस अवसर पर स्वागत उद्‌बोधन देते हुए, अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि हम अपने ही परिवार के सदस्य के राज्यसभा सदस्य निर्विरोध निर्वाचित होने पर स्वागत कर रहे हैं। सदन के सर्वोच्च सदन में वे चेम्बर ऑफ कॉमर्स की आवाज हैं। चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा ग्वालियर अंचल सहित केन्द्र एवं प्रदेश स्तर के विषयों को उठाया जाता है, फिर चाहे वह नीति परिवर्तन की बात हो या किसी सुविधा को प्रदान करने की। यह विषय आप दिल्ली की सरकार तक पहुंचाएंगे, ऐसी हम अपेक्षा करते हैं।

बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि ग्वालियर के विकास के लिए सभी राजनैतिक दल मिलकर कार्य करें, इससे अवश्य ही विकास की गति तेज होगी। ग्वालियर में विकास की गंगा बहे, इसके लिए सभी को साथ मिलकर कार्य करना आवश्यक है। इस मुहिम में चेम्बर आफ कॉमर्स सदैव अपनी भूमिका का निर्वाहन करेगा। आपने कहा कि म. प्र. में निकटवर्ती राज्यों से पेट्रोल–डीजल के दाम अधिक हैं एवं स्टाम्प ड्यूटी भी गुजरात एवं महाराष्ट्र की तुलना में लगभग दोगुनी है। केन्द्र एवं राज्य स्तर पर आपका सहयोग इसके समाधान में आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंत में राज्यसभा सदस्य–श्री अशोक सिंह जी को स्मृति चिन्ह संयुक्त अध्यक्ष–हेमंत गुप्ता द्वारा प्रदान किया गया तथा आभार उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल सहित पूर्व अध्यक्षद्वय–श्री अरविन्द अग्रवाल, श्री विजय गोयल, पूर्व संयुक्त अध्यक्ष–श्री प्रशांत गंगवाल, पूर्व उपाध्यक्ष–श्री राधाकिशन खेतान, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव–श्री पीताम्बर लोकवानी, श्री ललित गुप्ता, श्री जगदीश मित्तल, पूर्व कोषाध्यक्ष–श्री वसंत अग्रवाल, कार्यकारिणी समिति सदस्य–सीए अशोक विजयवर्गीय, श्रीमती अलका श्रीवास्तव, श्रीमती अंजलि बत्रा, सर्वश्री संजीव अग्रवाल (कुक्कू), महेन्द्र साहू, अशोक शर्मा (प्रेमी), आर. के. चोपड़ा, राजेश बंसल, के. के. महेश्वरी, अमर सिंह ग्रोवर, संजय अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, रवि कुमार गर्ग, विवेक बंसल, अशोक कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार सांघी, एम. के. सांघी आदि उपस्थित थे।

http://www.mpcci.in
eअर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

## MPCCI ने फायर एनओसी पर लगने वाली पेनाल्टी 31 दिसम्बर तक शिथिल रखने का निर्णय होने पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री-श्री कैलाश विजयवर्गीय, फैडरेशन, भोपाल के अध्यक्ष-डॉ. राधाशरण गोस्वामी एवं उपाध्यक्ष-श्री दीपक शर्मा के प्रति किया आभार व्यक्त

फायर एनओसी पर लगने वाली पेनाल्टी राशि जो कि प्रतिदिन 500/- रूपये एवं एक वर्ष पश्चात् 1000/- रूपये प्रतिदिन की दर से नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा दिनांक 16.12.2022 को अरोपित की गई थी। इस पेनाल्टी राशि को 31 दिसम्बर,2024 तक के लिए शिथिल किए जाने पर म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री-माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय, फैडरेशन भोपाल के अध्यक्ष-डॉ. राधाशरण गोस्वामी एवं उपाध्यक्ष-श्री दीपक शर्मा के प्रति हार्दिक आभार व धन्यवाद व्यक्त किया गया।

उल्लेखनीय है कि फैडरेशन भोपाल के अध्यक्ष-डॉ. राधाशरण गोस्वामी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने दिनांक 18 जून,24 को नगरीय विकास एवं आवास मंत्री-माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय एवं आयुक्त, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, म. प्र. शासन-श्री भारत यादव से भोपाल में मुलाकात की थी। इस प्रतिनिधि मण्डल में मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल शामिल थे। प्रतिनिधि मण्डल ने माननीय नगरीय विकास एवं आवास मंत्री से 02 घंटे तक इस विषय पर चर्चा कर, उन्हें व्यवहारिक कठिनाईयों से अवगत कराया एवं फायर एनओसी में पेनाल्टी नहीं लगाने के संबंध में अपनी माँग पुरजोर तरीके से रखते हुए कहा कि कोई भी पेनल्टी लगाने से पूर्व शासन को 03 महीने का समय व्यवसाईयों को फायर एनओसी की निर्धारित प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए दिया जाना चाहिए। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री-माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रतिनिधि मण्डल की बात को गंभीरता से सुनते हुए, फायर एनओसी पर लगने वाली पेनाल्टी राशि को हटाने पर अपनी सहमति व्यक्त करते हुए, इस पर शीघ्र ही आदेश जारी करने का आश्वासन दिया गया था।

अंततः नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा आदेश क्रमांक 2377/895002/2022/18-3 भोपाल दिनांक 21/08/2024 के द्वारा फायर एनओसी हेतु आरोपित की गई पेनाल्टी राशि को 31 दिसम्बर,2024 तक शिथिल कर दिया गया है।

नगरपालिका परिषद/नगर परिषद,
मध्यप्रदेश।

विषय :- प्रदेश में जारी किये जा रहे फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र के संबंध में दिशा-निर्देश।

संदर्भ :- विभागीय परिपत्र क्रमांक 4981/895002/2022/18-3, दिनांक 16.12.2022 एवं संशोधित पत्र दिनांक 08.01.2024

---00---

उपरोक्त विषयांतर्गत विभागीय परिपत्र दिनांक 16.12.2022 की कण्डिका 5 की उप कण्डिका 5.2 के अनुसार *"कंडिका क्रमांक 5.1 में निर्धारित 02 माह की समयावधि के भीतर यदि भवन स्वामी/संचालक द्वारा फायर प्लान तैयार कर अग्निशमन प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो विलंबित समय हेतु प्रतिदिन रूपये 500/- की दर से दण्ड भवन स्वामी पर लेवी (Levy) किया जायेगा, जो कि एक वर्ष के पश्चात् रूपये 1000/- प्रतिदिन की दर से देय होगी।"* उल्लेखित किया गया है।

राज्य शासन द्वारा उक्त कंडिका अनुसार दण्ड के अधिरोपण की गणना को दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक शिथिल किया जाता है। इस अवधि में कृपया सभी अग्निशमन प्राधिकारी अपने-अपने प्राधिकार क्षेत्रांतर्गत विशेष अभियान चलाकर कंडिका क्रमांक 5.1 के अंतर्गत आने वाले भवनों/प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर, उनके अधिभोगियों/स्वामियों को 31 दिसम्बर 2024 के पूर्व फायर प्लान प्रस्तुत कर संबंधित अग्निशमन प्राधिकारी से अनुमोदन कराने सूचित करना सुनिश्चित करें।

21.08
(आर.के. कार्तिकेय)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग

क्रमांक 2377/895002/2022/18-3 भोपाल दिनांक 21/08/2024

प्रतिलिपि :-

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी, नगरीय विकास एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल
2. अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय भोपाल।
3. प्रमुख सचिव, ऊर्जा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
4. आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, म.प्र., भोपाल की ओर उनके द्वारा प्रेषित टीप दिनांक 10.7.2024 के अनुक्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. समस्त संभागायुक्त, मध्यप्रदेश।
6. श्री देवेन्द्र कुमार व्यास, सहायक संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र. भोपाल की ओर ई-नगरपालिका पोर्टल में उपरोक्तानुसार आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की कार्यवाही हेतु।

21.08
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग

# 78वें 'स्वतंत्रता दिवस' पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा किया गया ध्वजारोहण




78वें 'स्वतंत्रता दिवस' के अवसर पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा 'चेम्बर भवन' पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने उपस्थितजन को 'स्वतंत्रता दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम 78वाँ 'स्वतंत्रता दिवस' मना रहे हैं। हमें जो आजादी मिली है, वह काफी संघर्षों एवं बलिदान के बाद प्राप्त हो सकी है, इसलिए हमें आजादी के मूल्यों को पहचान कर आगे बढ़ना होगा। यही स्वतंत्रता सैनानियों के लिए हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आपने कहा कि आज हमारा देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और इससे हमारा ग्वालियर भी अछूता नहीं है। नया एयरपोर्ट, एलीवेटेड रोड, ग्वालियर-आगरा के बीच 6-लेन का निर्माण, ग्वालियर में तेजी से बढ़ते हुए विकास को प्रदर्शित करते हैं। 6-लेन का निर्माण होने से ग्वालियर से आगरा की दूरी मात्र एक घंटे में तय हो सकेगी और दिल्ली हम 3 घंटे में पहुंच सकेंगे। इस समय हमें सकारात्मक रूप से ग्वालियर के व्यापारिक-औद्योगिक एवं चहुँमुखी विकास में आगे बढ़ना होगा।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि हमें यह याद रखना चाहिए कि आजादी केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। हमें इस आजादी को बनाए रखने के लिए एकजुट रहना होगा और देश एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करनी होगी। हमारे पूर्व अध्यक्ष-बाबू दुर्गाप्रसाद मंडेलिया जी ने 1965 में कहा था कि ''एकता का अभाव ही, व्यापारियों एवं उद्योगपतियों की समस्या का प्रमुख कारण है।'' आभार उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल सहित पूर्व अध्यक्षद्वय-डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, श्री जी. डी. लड्ढा, पूर्व संयुक्त अध्यक्ष-श्री प्रशांत गंगवाल, पूर्व उपाध्यक्षद्वय-श्री जी. एल. भोजवानी, श्री पारस जैन, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिवद्वय-श्री पीताम्बर लोकवानी, श्री जगदीश मित्तल, पूर्व कोषाध्यक्षद्वय-श्री कैलाश लहारिया, श्री वसंत अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्यगण व सदस्य महानुभाव उपस्थित थे।

## अगस्त 2024 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* जिलाधीश, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, तलघरों पर व्यवसायिक गतिविधियों को विराम देने से पूर्व उनकी गुण-दोष के आधार पर जाँच किए जाने की माँग की गई।
* माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री, भारत सरकार-माननीय श्री जे. पी. नड्डा को पत्र प्रेषित कर, 'मस्कुलर डिस्ट्रॉफी' की गंभीर बीमारी से पीड़ित लाखों बच्चों के इलाज हेतु आवश्यक पहल करने की माँग की गई, ताकि देश के लाखों लाचार परिवार अपने बच्चों का ठीक से इलाज कराकर, राहत महूसस कर सकें।
* आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, सम्पत्ति कर 6% छूट के साथ जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून के बाद बढ़ाकर, 31 अगस्त, 24 किए जाने की माँग की गई।
* केन्द्रीय रेल मंत्री-माननीय श्री अश्विनी वैष्णव एवं सांसद, माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर से भोपाल के लिए प्रातः 05.00 से 06.00 बजे के मध्य हाईस्पीड ट्रेन संचालित कराए जाने की माँग की गई।

## जेडआरयूसीसी एवं डीआरयूसीसी के लिए प्रतिनिधियों का हुआ मनोनयन




MPCCI की ओर से उत्तर मध्य रेलवे की क्षेत्रीय उपयोगकर्ता परामर्श दात्री समिति एवं मण्डल उपयोगकर्ता परामर्श दात्री समिति में आगामी 02 वर्ष के लिए प्रतिनिधित्व हेतु क्रमशः कार्यकारिणी समिति सदस्यद्वय-श्री विपुल गुप्ता एवं श्री मनोज सरावगी के नाम मनोनयन हेतु दिनांक 14 अगस्त, 24 को प्रेषित किए गए हैं।

उ.म.रे. की उपरोक्त दोनों समितियों में कार्यकारिणी सदस्य महानुभावों के चयन पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

**प्रेषक** : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा ग्राफिक्स वर्ल्ड, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक-दीपक अग्रवाल, दूरभाष-2371691,2632916,2382917